


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 19 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 106 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3







## इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को 17 साल की कड़ी सजा



**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में जेल में बंद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान कोर्ट ने 17-17 साल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को PTI के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 मामले में ये सजा सुनाई है। दरअसल, ये पूरा मामला साल 2021 में एक आधिकारिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस द्वारा इमरान को गिफ्ट किए गए एक महंगे बुल्गारी ज्वेलरी सेट को बहुत कम कीमत पर खरीदने से जुड़ा है। पाकिस्तानी अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल का कठोर कारावास और धारा 5(2)47 (लोक सेवकों द्वारा आपराधिक कदाचार) के तहत सात साल की सजा सुनाई गई।

## नादिया रैली को कोलकाता से पीएम मोदी ने किया वर्चुअली संबोधित

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के तहेरपुर हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में असफल रहे। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे पीएम का हेलीकॉप्टर कुछ समय हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता हवाई अड्डे लौट गया। उन्होंने एयरपोर्ट से ही वर्चुअली संबोधन किया। उन्होंने खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर लोगों से माफी भी मांगी। पीएम मोदी ने सभा को वर्चुअली संबोधन में महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मंत्र था। बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।

## कोडिन कप सिरप के महत्वपूर्ण तथ्य छिपा रही सरकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में शनिवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा, जो घटनाक्रम चल रहा है काेडिन को लेकर इसमें बहुत महत्वपूर्ण बात है जो सरकार छिपा रही है। 36 जिलों में 118 से अधिक ईंधें और यूपी में कफ सिरप का काला कारोबार चल रहा था। कई तस्वीरें दिखाई जा रही है, तो अगर हम तस्वीरों को ही ठीक मान लें और मेरे साथ खड़ा होने वाला ही माफिया है। तो मेरी तस्वीर तो मुख्यमंत्री के साथ भी है। मेरी तस्वीर डिप्टी सीएम के साथ भी है। मैं मजबूरी समझ सकता हूं।

# विश्वकप के लिए टीम का ऐलान

## सूर्य कुमार यादव कप्तान, अक्षर पटेल होंगे उप-कप्तान




● शुभमन गिल बाहर किए गए ईशान किशन की वापसी

**मुंबई।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को मुंबई स्थित BCCI हेड ऑफिस में सचिव देवजीत सैकिया ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में स्क्वॉड का ऐलान किया। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल को बाहर किया गया है। संजू सैमसन भी टीम का हिस्सा है। ईशान सिंह और रिंकू सिंह को मौका दिया गया है। यह टीम वर्ल्ड कप से पहले 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही 3 वनडे और 5 टी-20 मैचों की सीरीज में भी हिस्सा लेगी। भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। 29 जून 2024 को बारबडोस में टीम इंडिया ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। 29 जून 2024 को बारबडोस में टीम इंडिया ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था ।7 फरवरी को UAE से भारत का पहला मैच भारत अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को मुंबई में ळईँ के खिलाफ करेगा। उसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया से दिल्ली, 15 फरवरी को पाकिस्तान से कोलंबो और 18 फरवरी को नीदरलैंड से अहमदाबाद में मैच होंगे।

### चार टीमों से होगा भारत का मुकाबला

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को आसान ग्रुप मिला है। टीम को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, USA, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ रखा गया है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ हालिया रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को तीन बार हराया है और इसके अलावा वनडे में चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसे मात दी थी। भारत ने आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका को 30 रन से हराकर पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। चौथा टी-20 कोहरे की वजह से नहीं खेला जा सका था। शुक्रवार को मिली इस जीत के साथ टीम इंडिया ने लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीतने का कारनामा किया। भारत को आखिरी बार टी-20 सीरीज में हार अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली थी।

### भारतीय टीम सिलेक्शन की खास बातें

सिलेक्टर्स ने शुभमन गिल को स्क्वॉड में जगह नहीं दी, जो सबसे बड़ा फैसला माना जा रहा है। वे आउट ऑफ फॉर्म हैं। अक्षर पटेल को नया उपकप्तान बनाया गया है। यह पहली बार है, जब अक्षर को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए संजू सैमसन और ईशान किशन दोनों को टीम में शामिल किया गया है। रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है, जो मिडिल ऑर्डर और फिनिशर के तौर पर अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ईशान किशन।

# बुलडोजर को ठंड लग गई क्या?

● सीटी बजाकर आवाज दबा रही डबल इंजन की सरकार–अजय राय




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आज शनिवार को वाराणसी स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में मोदी-योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नशीले कफ सिरप कांड को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जब विपक्षी नेताओं और विरोधियों पर बुलडोजर चलाने में सरकार देर नहीं करती, तो फिर कफ सिरप मामले के आरोपितों पर अब तक बुलडोजर क्यों नहीं चला? प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रतीकात्मक रूप से एक बुलडोजर दिखाकर और सिटी बजाकर योगी सरकार की 'चयनात्मक कार्रवाई' पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाबा के बुलडोजर को ठंड लग गई है क्या? सीटी बजवाकर आवाज दबा रही है डबल इंजन की सरकार। क्या योगी जी का बुलडोजर सिर्फ विपक्ष और असहमति की आवाज़ों को कुचलने के लिए ही है? क्या अपराधियों और माफियाओं के सामने यह बुलडोजर बेबस हो जाता है? पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर जब नशीले कफ सिरप के आरोपियों पर सवाल उठा रहे थे, तो उनकी पेशी के दौरान सीटी बजाकर उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई। जो व्यक्ति सच बोल रहा है, सवाल पूछ रहा है, उसी को चुप कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस पूरे मामले का मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल विदेश में बैठकर रील बना रहा है और केंद्र व राज्य की मोदी-योगी सरकार पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है।मुख्य आरोपी खुलेआम विदेश में घूम रहा है, तब सरकार की एजेंसियां क्या कर रही हैं? आखिर उसे संरक्षण कौन दे रहा है? हम उदाहरण के रूप में कह रहे है की जब गोवा के लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड भाग गए थे,उसे गिरफ्तार कर भारत लाया गया। जब यह संभव है, तो फिर नशीले कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल को भारत क्यों नहीं लाया जा सकता? यह प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है यहाँ तो डबल इंजन की सरकार को और संवेदनशील होना चाहिए। कफ सिरप मामले के सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए।




## कोहरा, रिमझिम फुहार, स्कूल बंद, पारा 7.2°C, भयंकर ठंड का अलर्ट

**लखनऊ।** यूपी में शीतलहर और कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लखनऊ-जौनपुर समेत कई शहरों सुबह रिमझिम फुहारें पड़ रही हैं। इससे सड़कें भीग गईं। 50 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। कुछ सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। 10 मीटर तक देखना मुश्किल है। ट्रेन और फ्लाइटें लेट चल रही हैं। लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। कुछ को कैंसिल कर दिया गया है। हवाई सफर पर भी कोहरे की मार पड़ी है। 10 शहरों में स्कूल बंद कर दिए हैं। कानपुर में पहली बार ठंड से बचाने के लिए गोशालाओं में गोवंश को काउ-कोट पहनाया गया है। सरकार भी अलर्ट मोड पर है। हाईवे पर गाड़ियों की स्पीड लिमिट 60 से 80 के बीच कर दी गई है। अगले दो दिनों तक भयंकर ठंड का अलर्ट जारी किया है।

## मैं उसे नहीं मारती तो वो मुझे मार देता साहब

● पत्नी ने कुल्हाड़ी से शराबी पति को काटा

● सास ने बेटे का खून माफ किया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना के लेम गांव स्थित महली टोला में शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे पति और पत्नी का आपसी झगड़ा रक्तरंजित हो गया। प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी किरण देवी ने अपने पति अशोक उरांव पर तीन बार टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। किरण ने बताया कि पति अक्सर शराब के नशे में धुत होकर मारपीट करता था। वह बच्चों को भी नहीं छोड़ता था। उसने कहा कि यदि मैं नहीं मारती तो वहीं मेरी हत्या कर देता। कई बार प्रयास भी किया। मगर मैं जैसे तैसे बचती ही। आज तंग आकर अपने बचाव में पति को टांगी से काट कर मार दिया। वो काम करने के बजाय सिर्फ शराब पीकर लड़ाई करता था। वहीं किरण देवी घर का काम और खेती-बाड़ी करती थी। बेटे की हत्या की सूचना पाकर मृतक की मां दुग्गी देवी और छोटा भाई पियस उरांव लेम महली टोला पहुंचे। दोनों ओरमांझी स्थित मृतक की बहन के घर पर थे। यहां पहुंचते ही सास ने अपनी बहु को खुब खरीखोटी सुनाई। रोते हुए माथा पर हाथ रख कर गुमशुम अवस्था में देर तक पड़ी रही, उसने थाना प्रभारी से कहा कि कम सजा दीजिएगा साहब, छोटा-छोटा बच्चा है, कौन पालेगा इनको? इस दौरान बार-बार अपने बेटे को कोस रही थी। पति की हत्या में गिरफ्तार किरण अपने दुधमुंहे बेटे अयांश 2 वर्ष को भी अपने साथ जेल लेकर जाएगी। बच्चा मां के दुध पर आश्रित है। जिसका लालन-पालन दूसरे के बस की बात नहीं है। गिरफ्तार किरण अपने बेटे को गोद में लेकर थाना की गाड़ी में बैठी, यह देख कर गांव के लोगों का दिल पसीज गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम: 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 20 दिसम्बर, शनिवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क


लेढ़ूपर स्थित आर.एस. सैनिक स्कूल के 21वें वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं
जनमुख डेस्क

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया





**वाराणसी।** वाराणसी जिले के चौबेपुर के सुंगुलपुर अंडरपास पर शनिवार की सुबह सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सुबह बालेराम निवासी मुरीदपुर अपने बाइक से जा रहा था। इसी दौरान बलुआघाट से चौबेपुर की तरफ आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पं दीनदयाल उपाध्याय इलाज के लिए भेज दिया

# कोहरे का अलर्ट

## पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में बढ़ेगी गलन



### ● शीतलहरी के साथ बढ़ सकता है पाले का प्रकोप

**वाराणसी।** वाराणसी में कई दिनों से रह रहकर कोहरा और गलन की चोट का असर जारी है। आज शनिवार को भी मौसम का रुख तल्ख रहा। सुबह गलन का असर कुछ कम तो रहा लेकिन कोहरे का जोर बरकरार रहा। दोपहर तक सूरज का ताप धरती तक नहीं पहुंच सका। शीतलहर सरीखा प्रकोप रात से शुरू हुआ जो सुबह तक अनवरत जारी रहा। अनुमानों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में पहाड़ों पर गुजर रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर हावी होगा। इसकी वजह से मैदानी इलाकों में गलन बढ़ेगी और कोहरे का व्यापक असर बना रहेगा। माना जा रहा है कि माह भर तक मौसम का यह रुख बना रह सकता है। 25 दिसम्बर तक लगातार घने कोहरे का अंदेशा वाराणसी सहित पूर्वांचल के लिए जताया गया है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर बादलों का सघन डेरा है। माना जा रहा है कि इसकी वजह से बर्फबारी पहाड़ों पर होगी और उसका असर मैदानी क्षेत्रों में होगा तो मौसम और भी ठंडा हो सकता है। पाले का प्रकोप भी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर का रुख ही मैदानी क्षेत्रों में गलन और कोहरे की स्थिति तय करेगा। समूचे पूर्वांचल में शीतलहर का प्रकोप स्पष्ट नजर आ रहा है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 18.4°C दर्ज किया गया जो सामान्य से-5.3 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 11.2°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा। आर्द्रता इस दौरान न्यूनतम 81 प्रतिशत और अधिकतम 93% दर्ज की गई।




## ब्लू हाऊस को मिली चैम्पियन ट्राफी


जनमुख डेस्क

### ● सेंट जॉन्स स्कूल में क्रिसमस पर्व पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सेंट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली में कल शुक्रवार को क्रिसमस पर्व के मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांताक्लॉज की रंग-बिरंगी विशेष पोशाक पहनकर सांस्कृतिक नृत्य, गायन, नृत्य नाटिका के माध्यम से ईसामसीह का चित्रण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें रिले रेस आदि का प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस प्रतियोगिता में ब्लू हाऊस को चैम्पियन ट्राफी प्रदान की गयी। तृतीय स्थान पर ग्रीन और रेड हाऊस रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुसई राज, उप प्रधानाचार्य फॉदर बालास्वामी, सिस्टर रीना एवं जयंती उपस्थित रहीं। राष्ट्रगान के साथ

## मनरेगा कानून में बदलाव का विरोध

### ● राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** साझा संस्कृति मंच के नेतृत्व में शास्त्री घाट वरुणापुल कचहरी पर मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में जनसभा आयोजित की गई। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सभास्थल पर एसीएम द्वितीय को पढ़कर सौंपा गया। शास्त्री घाट स्थित सभास्थल, वाराणसी में जनसभा आयोजित कर केंद्र सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ मजदूर यूनियन के सदस्यों की बड़ी संख्या मौजूद रही। इस सभा में वाराणसी के ग्रामीण इलाक़ों से आए मज़दूर, किसान, महिलाएँ, मेहनतकश जनता और शहर के सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। सभी ने मनरेगा का नाम बदलकर उसके अधिकार-आधारित चरित्र को खत्म करने वाले नए विधेयक के खिलाफ जनसभा में मज़दूर-विरोधी बिल की प्रतियां जलाकर कड़ा विरोध दर्ज किया गया। सभा के बाद मजदूरों, किसानों, और महिलाओं ने रैली निकाली और जिला मुख्यालय तक मार्च किया और राष्ट्रपति को संबोधित एक ङ्ज्ञापनङ जिलाधिकारी, वाराणसी द्वारा सौंपा गया।

## मातृभूमि सेवा संस्था के सातवें वार्षिक क्रांतिकारी पंचांग का लोकार्पण



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** बाबू जगत सिंह कोठी में मातृभूमि सेवा संस्था द्वारा तैयार सातवां वार्षिक क्रांतिकारी पंचांग-2026 का शुक्रवार को लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण राम बहादुर राय ने कहा अब वक्त आ गया है कि बाबू जगत सिंह की कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। क्रांतिकारी पंचांग -2026 के लोकार्पण के पूर्व मातृभूमि सेवा संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार ने कहा-अनाम क्रांतिकारियों के लिए हमें शोध और खोज की आवश्यकता है और यह शोध तभी पूर्ण होगा जब हम क्रांतिकारियों के घरों तक पहुंचे । बाबू जगत सिंह एक ऐसे ही उदाहरण है, जहां प्रदीप नारायण सिंह ने अपने छठवीं पीढ़ी के इतिहास को खोजा और समाज के समक्ष रख। इसमें और भी कड़ियां जुड़नी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र जायसवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और योगदान का आश्वासन दिया।

## मंदिर के वार्षिकोत्सव पर किया रक्तदान

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी के मलदहिया स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर एवं शिर्डी साईं बाबा मंदिर के 14वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय साईं उत्सव–2024 के अंतर्गत प्रथम दिन रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा आयुष चिकित्सा के अंतर्गत नाड़ी परीक्षण के पश्चात औषधि वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस सेवा-प्रधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीसीपी टी. सरवन जी (वाराणसी कमिश्नरेट) एवं विशिष्ट अतिथि महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा उपस्थित रहे।

## IIA एक्सपो 2025 : पर्यटन, व्यापार और निवेश को मिली नई दिशा


जनमुख डेस्क

### ● 'क्रॉस-बॉर्डर सिनर्जी : अंतरराष्ट्रीय निवेश एवं संयुक्त उपक्रमों की संभावनाएं' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (IIA) द्वारा 18–19 दिसंबर 2025 को होटल ताज गंगेज, वाराणसी में आयोजित IIA इंटरनेशनल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 के दूसरे दिन 'क्रॉस-बॉर्डर सिनर्जीः अंतरराष्ट्रीय निवेश एवं संयुक्त उपक्रमों की संभावनाएं' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का सह-आयोजक Invest UP रहा। सेमिनार में जापान, गुयाना, दक्षिण अफ्रीका एवं बुर्किना फासो से आए प्रतिष्ठित विदेशी प्रतिनिधिमंडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रही, जो भारत और उत्तर प्रदेश के साथ व्यापार, पर्यटन और निवेश सहयोग में बढ़ती वैश्विक रुचि को दर्शाता है।

IIA के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह सेमिनार और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति भारत और संबंधित देशों के बीच मित्रता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन सहयोग के बढ़ते संबंधों का प्रतीक है। जापान के इकोनॉमिक काउंसलर जिरो कोडेरा ने अपने संबोधन में कहा कि जापान में बौद्ध संस्कृति की प्रेरणा भारत से, विशेष रूप से वाराणसी और सारनाथ से मिली है, जिससे दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंध प्रगाढ़ हैं। उन्होंने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और पर्यटन के क्षेत्रों में भारत-जापान व्यापार एवं निवेश सहयोग पर जोर दिया। गुयाना के उच्चायुक्त महामहिम धरम कुमार सीराज ने भारत और गुयाना के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए खाद्य सुरक्षा, जलवायु संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा पर गुयाना सरकार के फोकस को रेखांकित किया। महामहिम खातुत्शेलो थगवाना, फर्स्ट सेक्रेटरी–दक्षिण अफ्रीका ने IIA एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की सराहना करते हुए भारत और अफ्रीका के बीच व्यापार एवं निवेश सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने अपने समापन उद्बोधन में अंतरराष्ट्रीय अतिथियों, राजनयिकों, सरकारी प्रतिनिधियों, स्थानीय उद्यमियों, वाराणसी एवं पूर्वांचल के नागरिकों तथा सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। सेमिनार के दौरान आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. के. चौधरी, महासचिव दीपक कुमार बजाज, उपाध्यक्ष राजीव बंसल तथा निर्वाचित सीईसी सदस्य राजेश भाटिया उपस्थित रहे। सेमिनार का संचालन अनिल के. जादोजिया द्वारा किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय एकजुटता दिवस संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने अंतरराष्ट्रीय एकजुटता दिवस पर महासभा के केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि दुनियां में एकता सद्भाव और शांति तथा जागरूकता को बढ़ावा देना अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का उद्देश्य है। दुनियां के सभी नागरिकों को एकता सद्भाव शांति और भाईचारा के लिए सहयोग करने तथा जागरूकता को बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

## वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन का पंच वार्षिक आम चुनाव कल

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन से सम्बद्ध पंजिकृत संस्था वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन का पंच वार्षिक आम चुनाव कल 21 दिसंबर को रविवार को एसोसिएशन कार्यालय ईंगलिसियालाइन में सम्पन्न कराया जाएगा। वाराणसी कैरम एसोसिएशन के महासचिव बैजनाथ सिंह ने बताया कि पूर्व में जारी सूचना के अनुसार 21 दिसंबर को प्रत्येक 5 वर्ष पर होने वाले वाराणसी कैरम एसोसिएशन के इस निर्वाचन कार्य के लिए नामित अधिकृत निर्वाचन अधिकारी आनंद शुक्ला और भूपेंद्र प्रताप सिंह की देख देख और उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के पर्यवेक्षक सरदार रणवीर सिंह की उपस्थिति में संपन्न कराया जाएगा। जिसमें 17 कुल सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव होगा जिसमें एक अध्यक्ष, एक महासचिव,एक कोषाध्यक्ष एक उपाध्यक्ष और एक ऑडिटर का निर्वाचन भी सम्मिलित है। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों और मतदाताओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10 बजे तक चुनाव स्थल ईंगलिसियालाइन पहुंचना है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल ने हृदय चिकित्सा में रचा इतिहास


जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल, वाराणसी ने हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की। अस्पताल में पूर्वांचल की दूसरी सफल TAVI (Transcatheter Aortic valve implantation) प्रक्रिया तथा पूर्वांचल की पहली BENTALL सर्जरी के साथ CABG (Coronary Artery Bypass Grafting) को एक साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। अस्पताल में सम्पन्न इन जटिल हृदय शल्य क्रियाओं को अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जनों की विशेषज्ञ टीम द्वारा अंजाम दिया गया। इस टीम में प्रमुख रूप से डा. अभिषेक विक्रम सिंह, डा. अमरनाथ शॉ, डा. सचिन एवं डा. प्रीतेश सम्मिलित रहे। चिकित्सकों की टीम ने समन्वित प्रयास, आधुनिक उपकरणों एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उपचार पद्धति के माध्यम से इन जटिल प्रक्रियाओं को सफल बनाया। अस्पताल प्रबन्धन ने इस उपलब्धि को टीम वर्क, आधुनिक तकनीकी एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया।

## नई बस्ती को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 18, नई बस्ती क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। पंचकोशी रोड स्थित मां दुर्गा बिल्डिंग मटेरियल से श्यामा कुटीर होते हुए धीरेंद्र बहादुर व आर.एन. सिंह के आवास तक कच्ची गली के कायाकल्प का श्रीगणेश किया गया। महापौर ने शिलापट का अनावरण कर 25.71 लाख की लागत वाले इंटरलॉकिंग और सीसी ब्लॉक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लंबे समय से इस क्षेत्र के नागरिक कच्ची सड़क और जल निकासी की समस्या से जूझ रहे थे।

## क्यूज़ीन रेस्टोरेंट 'इच्छा स्वाद' का शुभारंभ कल



### ● काशी की धरती पर सात्विकता के साथ दर्शनार्थियों की सेवा में तत्पर

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सनातन धर्म की राजधानी काशी की पावन धरती पर अपनी सात्विकता के साथ दर्शनार्थियों की सेवा में तत्पर ख्याति प्राप्त होटल बालाजी पैलेस में मल्टी क्यूज़ीन रेस्टोरेंट 'इच्छा स्वाद' का शुभारंभ आगामी 21 दिसंबर, रविवार को अपराह्न 2 बजे भगवतभूषण पूर्वाचार्य पंडित श्रीनाथ शास्त्री एवं वैदिकपथिक अनुराग शास्त्री द्वारा होना सुनिश्चित है। विदित हो कि बालाजी पैलेस अध्यात्म नगरी काशी की धर्म एवं वैदिक धरोहर को संजोने के साथ साथ अपने अतिथियों को यथोचित आतिथ्य देने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी चिर परिचित छवि के निर्वहन के संकल्प के साथ हम अपने इस रेस्टोरेंट में अतिथियों को शुद्ध एवं सात्विक भोजन के साथ साथ भोजनों की संपूर्ण विविध व्यंजन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएंगें। आगामी 25 दिसंबर को हम अपने 'रेस्टोरेंट इच्छा स्वाद' में तुलसी दिवस मना रहे हैं, जहां हम अपने अतिथियों को विशेष सनातन व्यंजन परोसेंगे एवं काशी की संस्कृति को प्रदर्शित करेंगें। उक्त अवसर पर बालाजी पैलेस ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संजय लोहिया ने बताया कि यह कोई होटल नहीं है यह एक सेवा प्रकल्प का साधन है जिसके माध्यम से वह लोगों को उच्च गुणवत्ता का भोजन और आश्रय दे रहे है। बालाजी पैलेस के प्रबंध निदेशक अनुराग चांदवासिया ने बताया हमने हर उम्र के लोगों के हिसाब से मेन्यू बनाया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### पूर्व नपा अध्यक्ष ने कब्रिस्तान तोड़ने के आरोपों को नकारा



**सुल्तानपुर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सैयद मो. रहमान ने शनिवार को जिलाधिकारी (डीएम) को एक पत्र सौंपा। उन्होंने खुद पर लगे कब्रिस्तान तोड़ने के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यह उनकी छवि खराब करने की साजिश है। रहमान पर शिया वक्फ कब्रिस्तान में कब्रें समतल कराकर उस पर अवैध कब्जे की शिकायत डीएम से की गई थी। उन्होंने इन आरोपों को फर्जी करार दिया। पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि कुछ तथाकथित लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। रहमान के अनुसार, जब से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों की प्रशंसा करना शुरू किया है, तब से उनके विरोधी यह बात पचा नहीं पा रहे हैं। उनका मानना है कि विपक्षी उनकी छवि धूमिल करके उन्हें सरकार की तारीफ करने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने इस साजिश में 'समाजवादी मानसिकता' के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया। रहमान ने कहा कि योगी और मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम किया है।

## भदोही समाचार

### 31 दिसंबर तक कार्ड का नवीनीकरण कराएं श्रमिक

**भदोही।** चार साल से नवीनीकरण न कराने वाले जिले के 50 हजार श्रमिकों का श्रमिक कार्ड निलंबित होगा। श्रमिकों को श्रम विभाग ने 31 दिसंबर तक नवीनीकरण का मौका दिया है। उक्त तिथि तक नवीनीकरण न कराने पर कार्ड को निष्क्रिय मानते हुए निलंबित कर दिया जाएगा। इससे श्रम विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ उन श्रमिकों को नहीं मिल पाएगा। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा ने निर्माण श्रमिकों से अपील की कि वे अपने-अपने श्रमिक कार्ड की स्थिति की जानकारी के लिए जनसुविधा केंद्र पर जाकर अपना नवीनीकरण अवश्य करा लें। अन्यथा की स्थिति में उनको योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## गाजीपुर समाचार

### मजबूत लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची का होना जरूरी : ओमप्रकाश



**गाजीपुर।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दौर में भाजपा की ओर से जिले के 34 में 33 मंडलों में अलग-अलग स्थानों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। रेवसड़ा में भांवरकोल प्रथम मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए शुद्ध और स्वच्छ मतदाता सूची का होना जरूरी है। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें। इस मौके पर जिला मंत्री रविंद्र राय, आनंद राय, मनोज पांडेय, अनिल राय आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा और संचालन जयशंकर राय ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष भानूप्रताप सिंह ने सादात उत्तरी मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तथा जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राम, संदीप सिंह, अशोक पांडेय, शिवपूजन चौहान आदि उपस्थित थे। भांवरकोल ब्लाक परिसर में भांवरकोल द्वितीय मंडल की रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी ने कहा कि एसआईआर अभियान मजबूत लोकतंत्र तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। संचालन सतीशचंद्र राय ने किया।

## मऊ समाचार

### 24 जनवरी से होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**मऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। जिले में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से एक फरवरी तक होंगी। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगी। इसके पहले प्री बोर्ड की परीक्षा होगी। दिसंबर माह में ही कोर्स पूरा करने के लिए विभाग की तरफ से सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को आदेश जारी किया है। यूपी बोर्ड हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा फरवरी में कराई जानी हैं। हाईस्कूल में 37431 और इंटरमीडिएट में 38977 सहित 76408 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को शांति से कराने की तैयारी में विभाग जुटा हुआ है। बोर्ड परीक्षा से पूर्व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। शासन ने इसके लिए तिथियां घोषित कर दी हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### ऑटो से गिरी बेटी को बचाने कूदी मां पीछे आ रहे ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत



**पवई।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को सड़क हादसे में मां सोनी और उसकी ढाई वर्षीय बेटी सोनाक्षी की मौके पर मौत हो गई। घटना पवई थाना क्षेत्र के मुत्तकल्लीपुर गांव के पास माइल स्टोन 187 के पास हुई, जहां ऑटो का गेट खुलने से गिरी बेटी को बचाने के चक्कर में मां भी कूद पड़ी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस मां-बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी मुताबिक पवई थाना क्षेत्र के अहिलासपुर गांव निवासी सोनी (28) पत्नी साजन अपनी ढाई वर्षीय बेटी सोनाक्षी के साथ मायके रुदौली माफी थाना मालीपुर, जनपद अंबेडकर नगर गई थीं। मां के त्रयोदशी संस्कार के बाद परिवार के साथ शुक्रवार को स्नान व पूजा-पाठ के लिए दुर्वासा ऋषि दर्शन के लिए ऑटो से जा रही थीं। जैसे ही ऑटो पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मुत्तकल्लीपुर गांव के पास पहुंचा, अचानक चलते ऑटो का गेट खुल गया। इससे सोनाक्षी सड़क पर गिर पड़ी। बेटी को गिरता देख उसे बचाने के के लिए मां सोनी ऑटो से कूद गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मां-बेटी दोनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## चंदौली समाचार

### सामाजिक कार्यकर्ता को कार से कुचलने के आरोपी प्रधान के भतीजे ने किया आत्मसमर्पण

**चंदौली।** सामाजिक कार्यकर्ता कमलाकांत दूबे हत्याकांड के मुख्य आरोपी प्रधान के भतीजे सुजीत यादव ने शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे कोर्ट परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया। आरोपी पर एक दिन पूर्व ही एसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। भदोही के धसकरी गांव में ग्राम प्रधान मनीष यादव की शिकायत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता कमलाकांत दूबे की बीते बुधवार को कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उनके बेटे की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान मनीष यादव, कार से टक्कर मारने वाले प्रधान के भतीजे सुजीत यादव, मेहीलाल यादव और उसके चाचा मुन्ना यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## सोनभद्र समाचार

### सरकारी विद्यालय में कोयले पर बन रहा मिड-डे मील



**सोनभद्र।** शक्तिनगर स्थित ग्राम पंचायत चिल्काडांड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिड-डे मील कोयले की आग पर बनाया जा रहा है। विद्यालय में प्रधानाध्यापिका समेत तीन शिक्षकों की अनुपस्थिति और मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। मामले की जानकारी मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) म्योरपुर सुनील प्रजापति ने विद्यालय का निरीक्षण किया।

बच्चों और अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। विद्यालय में मौजूद सहायक अध्यापिका सोनल निगम और बच्चों ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका सहित दो अन्य सहायक अध्यापिकाएं कई सालों से विद्यालय नहीं आ रही हैं। स्थानीय निवासियों ने भी पुष्टि की कि उन्होंने इन दो अध्यापिकाओं को कभी ड्यूटी पर नहीं देखा।

विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति को लेकर भी गंभीर अनियमितता पाई गई। प्रेरणा ऐप पर 98 बच्चों की उपस्थिति दर्ज है, जबकि विद्यालय रजिस्टर में केवल 58 बच्चों के नाम दर्ज हैं। बच्चों ने मिड-डे मील की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए, जिसमें बताया गया कि सब्जी पानी जैसी होती है। यह भी सामने आया कि खाना बनाने के लिए कोयले का उपयोग किया जा रहा था। चिल्काडांड के ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी है और वे जांच कर-वा रहे हैं। लोगों द्वारा शिकायत मिलने पर बीईओ सुनील प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुष्टि की कि मिड-डे मील कोयले पर बनाया जा रहा था। बीईओ ने अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## जौनपुर समाचार

### कार की टक्कर से पैथोलॉजी संचालक की मौत, बेटा घायल

**जौनपुर।** रायबरेली- जौनपुर हाइवे पर स्थित कोरमलपुर में बृहस्पतिवार की देर रात घर से वापस मछलीशहर आ रहे पैथालॉजी संचालक राकेश यादव (46) की बाइक को कार सवार ने टक्कर मार दी। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सिकरारा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव सभा के चकमहिता मजरा निवासी राकेश नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल अपनी पैथोलॉजी चलाते थे।

यही पर किराया का कमरा लेकर परिवार के साथ निवास करते थे। बृहस्पतिवार की रात पैथोलॉजी बंद कर अपने बेटे आर्यन (13) के साथ गांव गए थे। गांव से देर रात लौटते समय पिता पुत्र जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर स्थित कोरमलपुर गांव के निकट पहुंचे थे कि सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर में राकेश के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उनका बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## प्रयागराज समाचार

### हाईकोर्ट ने आदेश की अवहेलना पर बदायूं के एसएसपी से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 40 साल पुराने एक आपराधिक मामले में आदेश का पालन नहीं करने और न्यायिक शिष्टाचार का उल्लंघन करने पर बदायूं के एसएसपी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना का केस चलाया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने आनंद प्रकाश की अपील पर दिया है। बदायूं निवासी अपीलकर्ता आनंद प्रकाश को हत्या के मामले में ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। कोर्ट ने अपील में दायर जमानत प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए उसे जमानत दी थी। जेल से बाहर निकलने के बाद से वह लापता है। इस पर हाईकोर्ट ने वारंट जारी किया था। एसएसपी को निर्देश दिया था कि वे अपीलकर्ता के खिलाफ जमानती वारंट तामील कराएं। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि वारंट तब तक वापस नहीं किया जाएगा, जब तक पुलिस शपथ पत्र पर यह न कहे कि अपीलकर्ता की मृत्यु हो गई है या वह देश छोड़कर चला गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर सीजेएम ने एसएसपी को पत्र भेजा था।

## देवरिया समाचार

### बलिदान दिवस पर बिस्मिल को दी श्रद्धांजलि

**बरहज।** बलिदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अनंत आश्रम स्थित पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की समाधिस्थल पर पहुंचकर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बताया जाता है कि पंडित बिस्मिल ने फांसी से पूर्व अपना पार्थिव शरीर बाबा राघवदास को सौंपने की इच्छा जताई थी। 1980 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीपी सिंह ने उनके मूर्ति का अनावरण किया था लेकिन पर्यटन स्थल घोषित होने के बावजूद समाधिस्थल आज भी उपेक्षित है।

पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की समाधिस्थल और आश्रम को तोरण-पताकाओं से सजाया गया था। बलिदान दिवस के अवसर पर नगर सहित दूर-दराज से आये लोगों ने बिस्मिल की समाधिस्थली पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने 100 दिवसीय "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के क्रियान्वयन हेतु संचालन समिति की बैठक



**मीरजापुर।** महिला कल्याण विभाग, मीरजापुर द्वारा शासन की मन्शानुरूप जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में 100 दिवसीय "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान को सफल बनाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिला संचालन समिति की बैठक की गई, साथ ही महिला कल्याण विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की कार्य योजना सदन के सम्मुख बिंदुवार रखा गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को संयुक्त समन्वय करते हुए कार्य योजना अनुसार निर्धारित गतिविधियों का आयोजन कराते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देशित किया गया। उसके पश्चात विभागीय योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, बाल संरक्षण समिति, वन स्टाफ सेंटर, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांन्सरशिप, शक्ति सदन, इत्यादि एजेंडा बिंदुओं पर बिंदुवार सूचनाओं से सदन को अवगत कराया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा सभी योजनाओं को आम जनता तक शत–प्रतिशत पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों को समन्वय के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी सदस्य गणों को बाल विवाह रोकने एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। उक्त बैठक में बाल विवाह संचालन समिति के सभी सदस्य एवं जिला टास्क फोर्स समिति के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## बलिया समाचार

### छह घंटे तक दरवाजे पर शव रख दिया धरना



**बेल्थरारोड/चौकियामोड़।** उभांव थाना के बेल्थरारोड के आजाद नगर निवासी समीर यादव की मौत के बाद लखनऊ से बृहस्पतिवार की देर रात शव घर पहुंचा। शुक्रवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार से इन्कार कर दिया। मऊ अंतर्गत रामपुर की थाना प्रभारी पर समीर के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने में लापरवाही के मामले में कार्रवाई, हत्यारों की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग की। समीर की मां रमावती देवी दरवाजे पर धरने पर बैठ गईं। इस दौरान विभिन्न दलों के नेता भी पहुंच गए। इसकी खबर लगते ही मऊ के मधुबन के न्यायिक एसडीएम दीपक, सीओ अभय सिंह व बेल्थरारोड एसडीएम शरद चौधरी, सीओ आलोक गुप्ता पहुंचे। प्रशासन ने थाना प्रभारी रामपुर कंचन मौर्या को लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। करीब साढ़े छह घंटे तक धरना चला। बेल्थरारोड निवासी आयुष यादव हत्याकांड के 18 दिन पहले उसके साथी समीर कुमार की 25 नवंबर को मऊ के मधुबन में कार सवार बदमाशों ने पिटाई कर अधमरा कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि घटना में आयुष हत्याकांड वाला आरोपी रॉबिन सिंह शामिल रहा।

## गोरखपुर समाचार

### नीट की तैयारी कर रही छात्रा का फंदे से लटकता मिला शव



**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के भगवानपुर भीटी गांव में शुक्रवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब नीट की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा का शव कमरे में पंखे के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। छात्रा की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार, सिकरीगंज के कटका निवासी संजय कनौजिया की बेटी सुषमा (18) बचपन से ही अपने मामा सौरभ कुमार कनौजिया घर भगवानपुर भीटी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद नीट की तैयारी में जुटी थी। मामा ने बताया कि बुधवार की सुबह घर के सभी सदस्य अपने-अपने काम पर चले गए थे। जबकि उसकी नानी भी अपने बेटे की दुकान पर चली गई थीं। उस समय घर में सुषमा अकेली थी। इसी दौरान उसने कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी। शाम करीब चार बजे जब नानी दुकान से घर लौटीं तो कमरे का नजारा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अपने बेटों के साथ ही सुषमा के माता-पिता को दी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंचे खजनी थाना प्रभारी जयंत सिंह ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## लाइफ मंत्र

### माँ दुर्गा के 108 नामः हर इच्छा पूरी करेगा ये चमत्कारी स्तोत्र, जानें जाप विधि

अगर मां दुर्गा या सती को इन 108 नामों से संबोधित किया जाता है, तो वह जातक की हर मनोकामना को पूरी करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सम्पूर्ण श्री दुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र के बारे में बताने जा रहे हैं।

दुर्गा शतनाम स्तोत्र के स्मरणमात्र से ही जीव जीवन-मुक्त हो जाता है। वहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं। श्रीदुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्त्रोत का पाठ करने से जातक के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का आगमन होता है। श्रीदुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्त्रोत श्री दुर्गा सप्तशती के मंगलाचरण मंत्रों में से एक है। इस स्त्रोत में मां दुर्गा को प्रसन्न करने के उपाय बताए गए हैं। श्रीदुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्त्रोत में मां दुर्गा के 108 नामों का वर्णन किया गया है। सप्तशती में इन



नामों का वर्णन भगवान शिव द्वारा किया गया है। साथ ही इसमें इस बात का भी उल्लेख मिलता है कि अगर मां दुर्गा या सती को इन 108 नामों से संबोधित किया जाता है, तो वह जातक की हर मनोकामना को पूरी करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सम्पूर्ण श्री दुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र के बारे में बताने जा रहे हैं।

**श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रम्**

शतनाम प्रवक्ष्यामि श्रृणुष्व कमलानने।
यस्य प्रसादमात्रेण दुर्गा प्रीता भवेत् सती।।
ॐ सती साध्वी भवप्रीता भवानी भवमोचनी।
आर्या दुर्गा जया चाद्या त्रिनेत्रा शूलधारिणी।।
पिनाकधारिणी चित्रा चण्डघण्टा महातपाः।
मनो बुद्धिरहंकारा चित्तरूपा चिता चितिः।।
सर्वमन्त्रमयी सत्ता सत्यानन्दस्वरूपिणी।
अनन्ता भाविनी भाव्या भव्याभव्यासदागतिः।।
शाम्भवी देवमाता च चिन्ता रत्नप्रिया सदा।
सर्वविद्या दक्षकन्या दक्षयज्ञविनाशिनी।।
अपर्णानेकवर्णा च पाटला पाटलावती।
पट्टाम्बरपरीधाना कलमञ्जीररञ्जिनी।।
अमेयविक्रमा क्रूरा सुन्दरी सुरसुन्दरी।
वनदुर्गा च मातङ्गी मतङ्गमुनिपूजिता।।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैन्द्री कौमारी वैष्णवी तथा।
चामुण्डा चैव वाराही लक्ष्मीश्च पुरुषाकृतिः।।
विमलोत्कर्षिणी ज्ञाना क्रिया नित्या च बुद्धिदा।
बहुला बहुलप्रेमा सर्ववाहन-वाहना।।
निशुम्भशुम्भहननी महिषासुरमर्दिनी।
मधुकैटभहन्त्री च चण्डमुण्डविनाशिनी।।
सर्वासुरविनाशा च सर्वदानवघातिनी।
सर्वशास्त्रमयी सत्या सर्वास्त्रधारिणी तथा।।
अनेकशस्त्रहस्ता च अनेकास्त्रस्य धारिणी।
कुमारी चैककन्या च कैशोरी युवती यतिः।।
अप्रौढा चैव प्रौढा च वृद्धमाता बलप्रदा।
महोदरी मुक्तकेशी घोररूपा महाबला।।
अग्निज्वाला रौद्रमुखी कालरात्रिस्तपस्विनी।
नारायणी भद्रकाली विष्णुमाया जलोदरी।।
शिवदूती कराली च अनन्ता परमेश्वरी।
कात्यायनी च सावित्री प्रत्यक्षा ब्रह्मवादिनी।।
य इदं प्रपठेन्नित्यं दुर्गानामशताष्टकम्।
नासाध्यं विद्यते देवि त्रिषु लोकेषु पार्वति।।
धनं धान्यं सुतं जायां हयं हस्तिनमेव च।
चतुर्वर्गं तथा चान्ते लभेन्मुक्तिं च शाश्वतीम्।।
कुमारीं पूजयित्वा तु ध्यात्वा देवीं सुरेश्वरीम्।
पूजयेत् परया भक्त्या पठेन्नामशताष्टकम्।।
तस्य सिद्धिर्भवेद् देवि सर्वैः सुरवरैरपि।
राजानो दासतां यान्ति राज्यश्रियमवाप्नुयात्।।
गोरोचनालक्तककुङ्कुमेन सिन्दूरकर्पूरमधुत्रयेण।
विलिख्य यन्त्रं विधिना विधिज्ञो भवेत् सदा धारयते पुरारिः।।
भौमावास्यानिशामग्रे चन्द्रे शतभिषां गते।
विलिख्य प्रपठेत् स्तोत्रं स भवेत् सम्पदां पदम्।।
इति श्रीविश्वसारतन्त्रे दुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रं समाप्तम्।

## सोनी सब के 'इत्ती सी खुशी' में अन्विता ने संभाली पर्सी कैफे की कमान,रिश्तों की होगी अग्निपरीक्षा

### देखिए 'इत्ती सी खुशी', हर सोमवार से शनिवार रात 9 बजे, केवल सोनी सब पर

**वाराणसी।** सोनी सब का शो 'इत्ती सी खुशी' अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) के सफर को दर्शाता है, जहाँ वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट (रजत वर्मा) की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा (फारुख सईद) के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है।

अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालाँकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है। वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी?

अन्विता की भूमिका निभा रहीं सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, 'अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लड़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता द्रहै। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहाँ वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चयी भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं होगी।'





## बेटिंग ऐप केस में युवराज सिंह, सोनू सूद, उर्वशी रौतेला और अन्य के खिलाफ ED का एक्शन, संपत्तियां कुर्क कीं

**सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कथित अवैध बेटिंग ऐप 1xBet की चल रही जांच के सिलसिले में रू.7.93 करोड़ की संपत्ति अटैच की है। इस लेटेस्ट कार्रवाई से खेल, सिनेमा और राजनीति की दुनिया के कई जाने-माने नाम जांच के दायरे में आ गए हैं।**

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कथित अवैध बेटिंग ऐप 1xBet की चल रही जांच के सिलसिले में रू.7.93 करोड़ की संपत्ति अटैच की है। इस लेटेस्ट कार्रवाई से खेल, सिनेमा और राजनीति की दुनिया के कई जाने-माने नाम जांच के दायरे में आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक 'अवैध' सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में कुर्क किया है, जिनकी अनुमानित कीमत आठ करोड़ रुपये है। केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा, मॉडल एवं अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की मां और बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा की संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जारी किए गए इस नए अंतरिम कुर्की आदेश के अंतर्गत जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य 7.93 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में सूद की लगभग एक करोड़ रुपये की, चक्रवर्ती की 59 लाख रुपये की, युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपये की, शर्मा की 1.26 करोड़ रुपये की, उथप्पा की 8.26 लाख रुपये की, हाजरा की 47 लाख रुपये की और रौतेला की मां की 2.02 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं।

इन सभी लोगों से अतीत में ईडी ने पूछताछ की थी और इन संपत्तियों को कुराकाओ द्वीपीय देश में पंजीकृत कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप की "अपराध से प्राप्त आय" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

ईडी ने कुछ समय पहले इस जांच के तहत पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी।

सूत्रों द्वारा बताए गए अटैच की गई रकम का ब्रेकअप इस प्रकार है:

युवराज सिंह - 2.5 करोड़ रुपये

रॉबिन उथप्पा - 8.26 लाख रुपये

उर्वशी रौतेला-2.02 करोड़ रूपये (उनकी माँ के नाम रजिस्टर्ड)

सोनू सूद - 1 करोड़ रुपये

मिमी चक्रवर्ती - 59 लाख रुपये

अंकुश हाजरा - 47.20 करोड़ रुपये

नेहा शर्मा - 1.26 करोड़ रुपये

गुरुवार को ED की कार्रवाई से जांच के इस दौर में अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य रू.7.93 करोड़ हो गया है।

पहले भी संपत्तियां अटैच की गईं, जांच जारी है

यह पहली बार नहीं है जब एजेंसी ने 1xBet मामले में हाई-प्रोफाइल नामों के खिलाफ कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले, ED ने क्रिकेटर शिखर धवन से जुड़ी रू.4.55 करोड़ और पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना से जुड़ी रू.6.64 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी।

लेटेस्ट जब्ती के साथ, 1xBet जांच में अब तक अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य रू.19.07 करोड़ हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने संकेत दिया है कि जांच अभी भी जारी है, और जांच आगे बढ़ने पर और कार्रवाई की जा सकती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

## रणवीर सिंह की 'धुरंधर' देखकर प्रीति जिंटा का धमाकेदार रिव्यू, बताया 'आदित्य धर का निर्देशन लाजवाब'



आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर, धुरंधर, ने अपनी सस्पेंसफुल कहानी, शानदार डायरेक्शन, बेहतरीन एक्टिंग और सच्ची घटनाओं को दिखाने की वजह से सभी को हैरान कर दिया है। जहां यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच रही है, वहीं इसे फैंस और सेलेब्रिटीज़ से भी खूब प्यार मिल रहा है। आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर, धुरंधर, ने अपनी सस्पेंसफुल कहानी, शानदार डायरेक्शन, बेहतरीन एक्टिंग और सच्ची घटनाओं को दिखाने की वजह से सभी को हैरान कर दिया है। जहां यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच रही है, वहीं इसे फैंस और सेलेब्रिटीज़ से भी खूब प्यार मिल रहा है। ऋतिक रोशन, विक्की कौशल, श्रद्धा कपूर और दूसरों के बाद, प्रीति ज़िंटा ने धुरंधर का रिव्यू शेयर किया और इसे सबसे अच्छी फिल्मों में से एक बताया।

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने निर्देशक आदित्य धर की नवीनतम फिल्म 'धुरंधर' की जमकर तारीफ की और इसे अब तक की देखी गई सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह-अभिनीत धुरंधर पांच दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें अभिनेता संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, आर. माधवन और राकेश बेदी भी अहम भूमिकाओं में नजर आए। इस फिल्म की कहानी कंधार विमान अपहरण, 2001 का संसद हमला और 26/11 मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक एवं आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित गुप्त खुफिया अभियानों के इर्द-गिर्द घूमती है।

**प्रीति जिंटा ने रणवीर सिंह की धुरंधर का रिव्यू किया**

प्रीति ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट कर 'धुरंधर' फिल्म को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने फिल्म को "कच्ची, सच्ची और बेहतरीन अभिनय से सजी हुई" बताया। उन्होंने फिल्म के संगीत की भी सराहना की। उन्होंने लिखा, 'आज का दिन खास था। काफी समय बाद मैंने अकेले थिएटर में कोई फिल्म देखी। दोपहर का शो खचाखच भरा हुआ था और यह एक शानदार अनुभव रहा। यह शायद पिछले काफी लंबे समय में देखी गई मेरी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म बेहद सच्ची है और रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी सहित सभी कलाकारों का अभिनय लाजवाब है।

फिल्म का संगीत दिल छू लेने वाला है और सबसे ज्यादा मुझे आदित्य धर का निर्देशन पसंद आया।" उन्होंने लिखा, "यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि उन अनजान पुरुषों, महिलाओं और देशभक्तों के नाम एक प्रेम पत्र है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए खुद को खतरे में डाला।" प्रीति जल्द ही फिल्म 'लाहौर 1947' में सनी देओल के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं और इसे आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले आमिर खान द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

**धुरंधर के बारे में**

धुरंधर हमजा की कहानी है, जो एक अंडरकवर RAW एजेंट है जिसे कराची के लियारी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने का काम सौंपा गया है। यह फिल्म IC-814 हाईजैकिंग, मुंबई 26/11 आतंकी हमले और 2001 के संसद हमले जैसी असली घटनाओं से प्रेरित है।

कहानी में हमजा गैंगस्टर रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) के संगठन में ऊपर उठता है, ISI एजेंट मेजर इकबाल (अर्जुन रामपाल) से उसकी टक्कर होती है, जिससे ज़बरदस्त एक्शन होता है और कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आता है जो सीक्वल की ओर इशारा करता है। इस बीच, धुरंधर पार्ट 2, 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170